1. **भारत की जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार कितनी थी?**

A. 1,102 लाख B. 12,106 लाख

C. 846.4 लाख D. 1,028.7 लाख (B)

***व्याख्या:*** 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या 12,106 लाख थी।

2. **2011 में किस राज्य की जनसंख्या घनत्व सबसे अधिक थी?**

A. पश्चिम बंगाल B. उत्तर प्रदेश

C. बिहार D. केरल (C)

***व्याख्या:*** 2011 में बिहार की जनसंख्या घनत्व सबसे अधिक थी – 1,102 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर।

3. **'जन्म दर' शब्द का क्या अर्थ है?**

A. प्रति हजार व्यक्तियों पर मृत्यु

B. प्रति परिवार जन्मों की संख्या

C. एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों में जितने जीवित बच्चों का जन्म

D. प्रति वर्ष जनसंख्या वृद्धि (C)

***व्याख्या:*** एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों में जितने जीवित बच्चों का जन्म होता है, जन्मदर कहते हैं।

4. **निम्न में से कौन-सा कारक जनसंख्या के आकार को नहीं बदलता लेकिन उसके वितरण को बदलता है?**

A. जन्म दर B. मृत्यु दर

C. प्रवासन (आंतरिक) D. प्रजनन दर (C)

***व्याख्या:*** आंतरिक प्रवासन देश के भीतर लोगों के स्थानांतरण से जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करता है, आकार को नहीं।

5. **1980 तक भारत में जनसंख्या वृद्धि का मुख्य कारण क्या था?**

A. कम जन्म दर और अधिक मृत्यु दर

B. अधिक जन्म दर और कम मृत्यु दर

C. कम प्रवासन D. शहरी क्षेत्रों में वृद्धि (B)

***व्याख्या:*** 1980 तक भारत में उच्च जन्म दर और घटती मृत्यु दर जनसंख्या वृद्धि का प्रमुख कारण थे।

6. **'जनसंख्या घनत्व' का क्या अर्थ है?**

A. प्रति वर्ष जनसंख्या वृद्धि

B. प्रति वर्ग किलोमीटर जनसंख्या

C. पुरुषों और महिलाओं का अनुपात

D. किसी क्षेत्र में परिवारों की संख्या (B)

***व्याख्या:*** जनसंख्या घनत्व से तात्पर्य है – प्रति वर्ग किलोमीटर में निवास करने वाले व्यक्तियों की संख्या।

7. **1981 के बाद भारत में जनसंख्या वृद्धि दर की प्रवृत्ति क्या रही है?**

A. तेजी से बढ़ रही है B. स्थिर रही है

C. धीरे-धीरे घट रही है D. शून्य वृद्धि (C)

***व्याख्या:*** 1981 के बाद से भारत की जनसंख्या वृद्धि दर धीरे-धीरे घट रही है।

8. **लिंग अनुपात क्या है?**

A. प्रति 1000 महिलाएं पर पुरुषों की संख्या

B. प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या

C. जनसंख्या में बच्चों की संख्या

D. जन्म और मृत्यु दर का अंतर (B)

***व्याख्या:*** लिंग अनुपात का अर्थ है – प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या।

9. **भारत में किशोर जनसंख्या का क्या महत्व है?**

A. वयस्क जनसंख्या से कम महत्वपूर्ण

B. आर्थिक रूप से निष्क्रिय

C. भविष्य के लिए महत्वपूर्ण संसाधन

D. जनगणना में शामिल नहीं (C)

***व्याख्या:*** 10 से 19 वर्ष के किशोर देश के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन माने जाते हैं।

10. **राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 किसे बढ़ावा देती है?**

A. बालिकाओं का शीघ्र विवाह

B. साक्षरता दर में कमी

C. 14 वर्ष तक नि:शुल्क शिक्षा

D. बड़े परिवारों को प्रोत्साहन (C)

***व्याख्या:*** जनसंख्या नीति 2000 का उद्देश्य 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना है।

DESH KA APNA SCHOOL